# हिंदी विश्वविद्यालय में महाश्रमदान में शामिल हुए शैकड़ो लोग

## दस हजार पेड़ लगाने का संकल्प

वर्धा, 18 जून 2017: वर्धा शहर के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक संगठनों के साथ वैद्यकीय जागरूकता मंच के नेतृत्व में रविवार को प्रात: 6 बजे से महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी



विश्वविद्यालय की पहाडियों पर श्रमदान में शैकड़ो नागरिक, विद्यार्थी तथा पदाधिकारियों ने सहभागिता की। हनुमान टेकड़ी और कबीर हिल पर दस हजार पौधें लगाए जाने के लक्ष्य को लेकर सुबह से लोगों ने श्रमदान कर हजारों गढ्ढे तैयार किये। श्रमदान का प्रारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, वैद्यकीय जागरूकता मंच के अध्यक्ष डॉ. सचिन पावड़े, नगराध्यक्ष अतुल तराले, वर्धा सोशल फोरम के अभ्युदय मेघे ने वृक्षारोपण कर किया । इस अभियान में वर्धा हिंदी विवि में प्रो. के. के. सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, राजेश अरोड़ा, राजेंद्र

घोडमारे, राजदीप राठौर, विजयपाल पाण्डेय, राजीव पाठक, विवेक कुमार, मनोज टिचकुले,



दीपक साल्वे, वैद्यकीय जागरूकता मंच के पदाधिकारी डॉ. हिवंज, डॉ. सहारे, राजेश सरोदे,



दिनेश रूद्रकार, सुभाष पाटणकर, पत्रकार प्रवीण धोपटे, विशाल उराडे, बहार नेचर फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रा. किशोर वानखेड़े, आधारवड के प्रा. शेख हाशम, वन विभाग के अधिकारी बढ़ेकर, धनवीज आदि सहित विभिन्न स्कुलों और महाविद्यालयों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में



शामिल हुए। दोनों पहाडियों पर दस हजार से अधिक पौधें लगाने के लिए आयोजित इस अभियान में स्वेच्छा से शामिल हुए लोगों का वैद्यकीय जागरूकता मंच एवं विश्वविद्यालय ने धन्यवाद व्यक्त किया है। श्रमदान के बाद गणेश ढवले की ओर से सभी को ज्यूस पिलाया गया।